1	2	3	4	5
8.	12	जयपुर-जबलपुर सड़क पर 177 कि० मी० पर पुल	31.54	30.6.1992
9.	12	123/400 कि० मी० पर भरना नाला पुल	75.88	30.6.1992
10.	14	37 कि० मी० पर छोटा पुल . .	18.99	30.9.1992
11.	12	49/900 कि० मी० पर छोटा पुल .	17.07	31.3.1992
12.	11	रींगस के समीप आर ओ बी . .	125.23	30.6.1992
13.	12	146 कि० मी० पर डाडेली नाला .	34.86	30.6.1992

ढांसा गांव के लिए दिल्ली परिवहन निगम की बसों की घटिया सेवा

647. श्री अनन्त राम जायसवाल : क्या जल-भूतल परिवहन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि दिल्ली और ढांसा गांव के बीच आने जाने के लिए ढांसा गांव और उसके निकटवर्ती लगभग 25 गांवों के निवासियों को दिचाऊ कलां डिपो की बस पकड़नी पड़ती है ;

(ख) क्या यह सच है कि ढांसा गांव में बसों के आगमन और प्रस्थान का कोई निर्धारित समय न होने के कारण यात्रियों को बस पकड़ने के लिए घंटों प्रतीक्षा करनी पड़ती है ; और

(ग) क्या सरकार ढांसा के यात्रियों की सुविधा के लिए ढांसा गांव से आने-जाने वाली बसों के लिए कोई समय-सारणी नियत करेगी ?

जल-भूतल परिवहन मंत्रालय के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) (श्री जगदीश टाइटलर) : (क) और (ख) जी, नहीं।

(ग) ढांसा गांव को जाने वाली और वहां से आने वाली बसों के सभी रूटों/सेवाओं का प्रचालन निर्धारित समयसारणी के अनुसार होता है। दिल्ली परिवहन निगम की बसों की समय-सारणी प्रत्येक पास अनुभाग में उपलब्ध है और यात्रियों की सुविधा के लिए ढांसा गांव में पहले ही एक "टाइम कीपर" तैनात कर दिया गया है।

दिल्ली में अपराध

648. डा० रत्नाकर पाण्डेय : क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि गत 15 महीनों के दौरान दिल्ली में अपराधों और हत्याओं में काफी वृद्धि हुई है, और यदि हां तो उसका ब्यौरा क्या है और इस वृद्धि के क्या कारण हैं ; औ

(ख) इस स्थिति से निपटने के लिए सरकार ने क्या कदम उठाये हैं ?

संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री और गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री एम०एम० जैकब) : (क) पिछले 18 महीनों और वर्ष 1988 और 1989 के दौरान दिल्ली में सूचित किए गए

अपराधों और हत्याओं की संख्या निम्न प्रकार से है :—

वर्ष	अपराध	हत्या
1988 .	34,443	296
1989 .	38,249	351
1.1.90 से 30.6.90 तक	62,037	636

हत्याओं की संख्या में बढ़ोतरी हुई है। इस बढ़ोतरी के प्रमुख कारण तेजी से हो रहे शहरीकरण और जनसंख्या में वृद्धि के कारण उत्पन्न आर्थिक हालात और सामाजिक तनाव है।

(ख) इस संबंध में सरकार द्वारा उठाए कदमों में गश्त में बढ़ोत्तरी संवेदनशील स्थानों पर टुकड़ियों की तैनाती, आसूचना को मजबूत करना, अपराधियों के छिपने के स्थानों पर बार-बार छापे मारना, सतर्कता में वृद्धि पडोसी राज्यों के अधिकारियों के साथ समन्वय बैठकों, ज्ञात अपराधियों के खिलाफ निष्कासन कार्रवाई करना इत्यादि शामिल है।

Evaluation of the functioning of Mahanagar Telephone Nigam Limited in Delhi and Bombay

649. SHRI SURESH KALMADI-. Will the Minister of COMMUNICATIONS be pleased to state:

(a) whether Government have evaluated the functioning of Mahanagar Telephone Nigam Limited in Delhi and Bombay;

(b) if so, what are the findings;

(c) whether Government propose to establish similar Corporations for other major cities in the country; and

(d) if so, the details of the proposal?

THE DEPUTY MINISTER IN THE MINISTRY OF COMMUNICATIONS (SHRI P. V. RANGAYYA NAIDU): (a) Yes, Sir. The Quality of Telephone Service (QOTS) in Bombay and Delhi Telephone Systems under the Mahanagar Telephone Nigam Limited has been evaluated by an independent agency viz. the Administrative Staff College of India, Hyderabad (ASCI).

(b) The findings are that there has been perceptible improvement in QOTS in Delhi and Bombay.

(c) There is no proposal under consideration of the Government at present to establish similar Corporation for other major cities in the country.

(d) Does not arise.

टेलीफोनों के लिए तीन श्रेणियों की प्रतीक्षा सूचियां

650. डा० अबरार अहमद : क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) इस समय राजस्थान के जिला मुख्यालयों में टेलीफोनों के लिए तीन श्रेणियों अर्थात् सामान्य, ओ०वाई० टी० और माननीय मंत्री द्वारा बिना बारी के आधार पर मंजूर टेलीफोनों की प्रतीक्षा सूचियों में कितने-कितने व्यक्ति हैं और प्रतीक्षा सूचियों की इन तीन श्रेणियों के व्यक्तियों को कब तक टेलीफोन उपलब्ध करा दिये जायेंगे ;

(ख) क्या सरकार को इस बात की जानकारी है कि राजस्थान में टेलीफोन लगाने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों में भारी भ्रष्टाचार व्याप्त हैं ;

(ग) यदि हां, तो उसे समाप्त करने के लिए क्या कदम उठाये जा रहे हैं; और

(घ) निकट भविष्य में राजस्थान में किन-किन स्थानों पर नये टेलीफोन केन्द्र स्थापित किए जाने की संभावना है और उनकी क्षमता कितनी-कितनी होगी ?

संचार मंत्रालय में उप मंत्री (श्री पी०वी० रंगैया नायडु) : (क) अपेक्षित जानकारी विवरण में दी गई है, जिसे सभा पटल पर रख दिया गया है।